हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 21 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 17.1 डिग्री

11 व्यक्तित्व निखार में सहायक संगीत : विजय नड्डा



12 बिना शपथ ग्रहण के ही फिल्ड में खूब पसीना ...




# R.E.D. GROUP OF SCHOOLS

SINCE : 1987

## CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI

(Affiliated with CBSE, New Delhi)

RED is a pioneering, innovative & learning organization serving the society since 1987. It has the environment for nurturing good habits, life skills, values, character and attitude among students through its daily working routines, methods and processes.

## REGISTRATION OPEN
FOR THE SESSION 2025-26
For Classes : Nur. to 9th & 11th

## ADMISSION TEST
23-03-2025 (Sunday)






### Our Special Features
- RED has professional leadership and creates shared vision with ownership, commitment and alignment of all its stakeholders.
- RED ensures regular professional development of all teachers.
- Coaching for IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- Scholarships & Awards for meritorious students of Nur. to XII.
- Special concessions for SC/ST, Physically challenged and Siblings.

### Special Achievements & Successes
- Regular 100% Results in CBSE Board Exams of 10th & 12th.
- Regular Selections in IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- RED alumni serving the society in different capacities such as Civil Servants, Doctors, Engineers, Army Officers, Teachers, Lawyers, Bankers and other areas.
- A lot of our alumni are serving various foreign countries in different disciplines.

### School Environment, Routines & Processes
- Safe, disciplined, respectful & learning environment.
- Child centric activity based experiential teaching learning processes for learning & growth of students.
- Well defined and organized Club & House system for school and inter-school level activity exposure for nurturing co-scholastic skills of students.
- Well designed assessment processes for both Academic & Co-curricular Activities.

### Infrastructure Facilities
- World class, lush green CCTV monitored school campus with 24×7 hours power backup.
- Well ventilated, lighted and spacious Smart class rooms
- Well equipped Libraries, Labs for all subjects and excellent facilities for indoor & outdoor sports.



## Hostel Facilities for Boys only at Chhuchhakwas Branch







Chhuchhakwas | Jhajjar | Charkhi Dadri

9992114101 (Chhuchhakwas) | 9992600417 (Jhajjar) | 9992113926 (Charkhi-Dadri)

For more details, kindly visit :
www.redschools.org

## समस्या





रोहतक। सिविल अस्पताल के पीछे गेट पर गंदा पानी, जिस कारण आने जाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा व साथ लगती है दुकानें।

### जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता

**रोहतक।** नशा मात्र एक व्यक्ति के ही नहीं अपितु उसके परिवार, समाज और राष्ट्र इन तीनों के सपनों,सामर्थ्य एवं आकांक्षाओं को नष्ट कर देता है। समाज सेविका ऋतुराज सैनी ने नशे पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि नशा नाश का मूल कारण है यह स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा को भी धूमिल कर देता है। प्रदेश सरकार को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए चाहिए।

### एसडीएम ने किया मंडी का निरीक्षण

**सांपला।** गुरुवार को सांपला अनाज मंडी का एसडीएम उत्सव आनंद ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अनाज मंडी में सरसों लेकर आए किसानों से भी बातचीत की। वहीं उन्होंने अनाज मंडी में सरसों की आवक, पेयजल, शौचालयों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आदेश जारी किए कि दो दिन में सभी व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्त हो जानी चाहिए। इसके साथ ही किसान के रेस्ट रूम और शेड किसानों के उपयोग के लिए ही उपलब्ध रखे जाएं।

### 10 तक पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन

**रोहतक।** अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत इच्छुक उम्मीदवार सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 10 अप्रैल 2025 तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इच्छुक उम्मीदवारों को भर्ती के लिए वेबसाइट पर अपना नाम पंजीकरण करना अनिवार्य है। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक गौतम ने दी।

### नेशनल ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ह्यूमन एथिक्स कमेटी (एचईसी) द्वारा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के कमेटी कक्ष में- रिसेंट अपडेट्स ऑन एथिक्स इन बायोमेडिकल, स्टेम सेल रिसर्च एंड गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस इन इंडिया विषय पर एक दिवसीय नेशनल ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। फोरेंसिक साइंस तथा जेनेटिक्स विभाग के सहयोग से आयोजित इस एक दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रारंभ में कार्यशाला कोऑर्डिनेटर डॉ. राजविंदर सिंह ने स्वागत भाषण दिया। जिसके बाद डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा ने संबोधन किया। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, एनईसीआरबीएचआर से वैज्ञानिक डॉ. सुजाता सिन्हा ने स्वास्थ्य अनुसंधान में नैतिकता अद्यतन विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

### वीसी प्रोफेसर राजबीर सिंह की पत्नी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया

# विद्यार्थियों के मनोबल और समग्र स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं फूल-पौधे

भारतीय पुनर्वास परिषद की चेयरपर्सन ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रोत्साहन के लिए एमडीयू में फूलों के उपयोग को बढ़ावा देने की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

फूल और पौधे न केवल हमारे परिवेश को सुंदर बनाते हैं, बल्कि वे एक सकारात्मक लर्निंग एनवायरमेंट भी तैयार करते हैं। फूल-पौधे विद्यार्थियों के मनोबल, ध्यान और समग्र स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। यह कहा है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की पत्नी एवं भारतीय पुनर्वास परिषद की चेयरपर्सन डॉ. शरणजीत कौर ने।

डॉ. कौर विश्वविद्यालय में आयोजित रंग बहार कार्यक्रम के समापन सत्र में बतौर मुख्यातिथि संबोधन दे रही थी। डॉ. शरणजीत कौर ने रंग बहार के शानदार आयोजन के एमडीयू को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने रंग बहार इवेंट की प्रशंसा करते हुए कहा कि फूल और पौधे केवल सजावट नहीं है, बल्कि वे एक समृद्ध और प्रेरणादायक लर्निंग एनवायरमेंट का निर्माण करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रोत्साहन के लिए एमडीयू में फूलों के उपयोग को बढ़ावा देने की सराहना की। डॉ. शरणजीत कौर ने रंग बहार कार्यक्रम में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को उजागर करने का अद्भुत अवसर रहा। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां न केवल ज्ञानवर्धन करती हैं, बल्कि इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें टीम वर्क का भी विकास होता है। उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए रंग महोत्सव के संयोजक प्रो. रणदीप राणा, रंग बहार की संयोजिका प्रो. विनीता हुड्डा और समस्त टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





रोहतक। पेंटिंग देते भारतीय पुनर्वास परिषद की चेयरपर्सन डॉ. शरणजीत कौर व रंग बहार कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### रंग बहार की पहल को सराहा

प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेन्द्र बंसल ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर समापन कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने एमडीयू की रंग बहार की पहल को सराहते हुए इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बताया। रंग बहार की संयोजिका प्रो. विनीता हुड्डा ने समापन सत्र में स्वागत भाषण दिया और रंग बहार में आयोजित की गई गतिविधियों का ब्यौरा दिया। रंग महोत्सव के संयोजक एवं डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी और उनकी टीम ने कार्यक्रम समन्वयन एवं संचालन सहयोग दिया। प्रो. सुरेन्द्र यादव ने आभार जताया। इस अवसर पर प्रीति बंसल, एमडीयू के डीन डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी, गैर शिक्षक कर्मी, शोधार्थी, विद्यार्थी समेत शहर के प्रबुद्धजन एवं प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।



## होटल प्रबंधन संस्थान ने वार्षिकोत्सव मनाया

**रोहतक।** तिलियार स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में वीरवार को वार्षिकोत्सवमनाया गया। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया की कार्यक्रम में खानपान तैयार करने वाली एक कंपनी के प्रबंध निदेशक आदित्य ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर नरेंद्र राणा मैनेजर तिलयार लेक उपस्थित रहे । छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ढांडा ने उनके अच्छे भविष्य की कामना की। इसके पश्चात पूरे वर्ष पढ़ाई तथा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अनीत सिवाच को स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर के खिताब से नवाजा गया। संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे ने सभी अतिथियों का संस्थान में पहुंचने पर अभिनंदन किया। इस मौके पर कॉलेज सांस्कृतिक टीम के सदस्य बृजेश वाधवा, राजाराम, प्रतिभ बुडानिया, रविंदर कुमार, तरुण हुड्डा सहित अन्य स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।



## अनुभवात्मक शिक्षा के बारे में बताया

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में संकाय विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन डॉ. शब्दा ने सहायक अध्यापकों को अनुभवात्मक शिक्षा के बारे में बताया। सजल मिश्रा ने प्राध्यापकों को एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, डीपसीक आदि से अवगत कराया। डॉ. कुलदीप मलिक ने डॉ पंकज कोहली, डॉ शब्दा व डॉ सजल मिश्रा का धन्यवाद किया। प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा ने आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. अनिल खटकड़, डॉ. सुरेंद्र सांगवान, डॉ. प्रदीप मलिक, डॉ. सुशील दलाल, डॉ. दिनेश सिंह, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. कुलदीप मलिक, डॉ. परवेश कुमार आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. नेहा ने किया।



## वैश्य तकनीकी संस्थान के 33 विद्यार्थियों का चयन

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान जहां विद्यार्थी हरियाणा तकनीकी शिक्षा द्वारा चलाए जाने वाले सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रोनिक्स, मकैनिकल, ऑटोमोबाइल, आफिस मैनेजमेंट, लाइब्रेरी साईंस तथा सैल्फ फाइनैंस में कम्प्यूटर के डिप्लोमा की शिक्षा प्राप्त करते हैं। इन विद्यार्थियों के लिए संस्थान में रोज़गार की दृष्टि से हर वर्ष बहुत से कैम्पस ड्राईव ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के द्वारा चलाए जाते हैं, जिसके अन्तर्गत विभिन्न कमपनियां साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों का चयन करती हैं। ट्रेनिग एंड प्लेसमेंट सैल अधिकारी राजन सरीन ने बताया कि इस वर्ष भी विभिन्न कम्पनियों द्वारा अब तक 33 छात्रों का चयन किया गया है। यह जानकारी उन्होंने कैम्पस ड्राइव के दौरान दी। इस वर्ष अब तक सिविल के 8, इलेक्ट्रिकल के 11, मकैनिकल से 12 और ऑटोमोबाइल के 2 छात्रों का चयन किया गया है। प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दी। वैश्य शिक्षण संस्था के उप प्रधान दीपक जिंदल ने भी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

## खुशी के लिए अंतर्मन में झांकेः कार्टूनिस्ट जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

खुशी एक यात्रा है, न कि मंजिल। इसे खोजने के लिए हमें अपने भीतर झांकना होगा और उन छोटी-छोटी चीजों को पहचानना होगा, जो हमें खुश करती हैं। ये कहा है प्रतिष्ठित कार्टूनिस्ट संदीप जोशी ने। जोशी वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता संबोधन दे रहे थे। इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस के उपलक्ष्य में सीडीओई के कांफ्रेंस भवन में आयोजित इस तीन दिवसीय सुख सृजन कार्यशाला में वीरवार को प्रथम दिन- हैप्पीनेस थ्रू एक्सप्रेसिव आर्ट को समर्पित रहा।

मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित कार्टूनिस्ट संदीप जोशी ने कहा कि कला के माध्यम से हम अपने भीतर के स्त्रोतों को पहचान सकते हैं और एक स्थायी खुशी की तरफ कदम बढ़ा सकते हैं। कला न केवल रचनात्मकता को बढ़ाती है, बल्कि मन की शांति और खुशी भी प्रदान करती है, ऐसा उनका कहना था। उन्होंने स्केच, रंगों और ब्रश के माध्यम से कार्टून बनाने की कला साझा करते हुए इससे उत्पन्न होने वाली खुशी का अहसास प्रतिभागियों को करवाया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि खुशी केवल बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारी सोच और दृष्टिकोण से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, एक-दूसरे को प्रोत्साहन और प्रशंसा खुद रहने में मदद करते हैं। कुलपति ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए जीवन में खुशी के स्त्रोतों पर चर्चा की।



रोहतक। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित कार्टूनिस्ट संदीप जोशी को स्मृति चिन्ह देते मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो. अंजली मलिक साथ में है कुलपति प्रो. राजबीर सिंह व सीडीओई निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल। फोटो : हरिभूमि



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों द्वारा मायना में लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन की शुरुआत एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने प्रार्थना और लक्ष्य गीत से की। सामान्य अस्पताल से काउंसलर बिंटू ने एचआईवी एड्स पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि संक्रमित व्यक्ति के शरीर से निकलने वाले द्रव या पदार्थ के संपर्क में अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति आता है तो वह संक्रमित हो सकता है। आप साधारण संपर्क के माध्यम से संक्रमित नहीं हो सकते हैं। शिविर के दौरान नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। वहीं स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। शाम के सत्र में सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पंघाल ने विद्यार्थियों को जीवन में सही रास्ते पर चलने के लिए तथा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन रानी, प्रियंका दलाल, हर्ष, नीरज कादियान आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक क्षेत्र में पहला कदम रखने का रेडक्रॉस सोसायटी है सही माध्यमः अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



जूनियर रेडक्रॉस शिविर के बृहस्पतिवार को चौथे दिन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने शिविर में शिरकत की। उन्होंने कहा कि यदि सामाजिक क्षेत्र में पहला कदम रखना है तो विद्यार्थियों के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी इसके लिए एक सही माध्यम है।

शिविर का आयोजन स्थानीय गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस शिविर आयोजित किया जा रहा है। वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने कहा कि रेडक्रॉस समिति विश्व का पहला ऐसा संगठन है, जिन्हें नोबेल पुरस्कार भी दो से अधिक बार मिले हैं।

युवाओं के लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से युवा वांछित सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया और विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लगाए गए नेत्र जांच शिविर का भी निरीक्षण किया।



## वैश्य महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी ने पहले प्रयास में ही गेट की परीक्षा पास की

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी ने पहले प्रयास में ही गेट की परीक्षा पास करके अपना व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।मीनाक्षी वैश्य महाविद्यालय में एमएससी फिजिक्स की फाइनल ईयर की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी की लहर है। वीरवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. वीरेंद्र खुराना और उनके शिक्षक डॉ. ओजस गर्ग ने बधाई दी। डॉ. ओजस गर्ग ने बताया कि मीनाक्षी एक होनहार छात्रा है। वैश्य एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष दीपक जिंदल ने भी मीनाक्षी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में साप्ताहिक खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में खेल विभाग के तत्वावधान में साप्ताहिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों का जीवन में महत्व बताया। खेल जीवन का एहम हिस्सा है। खेल जहां शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखते है। वहीं. मानसिक संतुलन को भी बनाते हैं। खेल विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि आज फनी गेम्स में लेमन रेस, सैक रेस, थ्री लैग रेस एवं म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सविता शर्मा, डॉ. मोना मल्होत्रा, डॉ. सोन किरण, डॉ. रानी देवी, निधि, पवन, पूनम, राखी, राजेश आदि मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या के आरोपी पति और 2 देवर को कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में किया बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी चुघ ने बचाव पक्ष की ओर से कोर्ट में पैरवी की

एडिशनल सेशन जज संदीप दुग्गल की कोर्ट ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति व 2 देवरों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी चुघ ने बचाव पक्ष की ओर से कोर्ट में पैरवी की। कोर्ट में यह साबित ही नहीं हो पाया कि आरोपियों ने यह हत्या की है।

रोहतक जिला के बसाना गांव निवासी रीना का शव 1 अक्टूबर 2019 को सैंपल गांव के नजदीक खेतों में पेड़ पर लटका हुआ मिला था। उसके शरीर व सिर पर चोट के गहरे निशान थे। इस संबंध में कलानौर पुलिस स्टेशन में रीना के पिता मुलकराज ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि बेटी रीना की 27 फरवरी 2009 को बसाना गांव के सतीश के साथ की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि शादी के बाद से सतीश और उसके परिजन रीना के साथ मारपीट करते थे। इस बारे में कई बार समझौता भी कराया गया। इस शादी से रीना को 2 बेटे व एक बेटी है। मुलकराज के मुताबिक 1 अक्टूबर की रात को कलानौर पुलिस स्टेशन के एसएचओ ने मोबाइल फोन नंबर पर कॉल कर उसे सूचना दी थी कि रीना का शव सैंपल के नजदीक खेत में पेड़ पर लटका हुआ है। शक जताया गया था कि रीना की हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया गया है। इसके बाद पीजीआईएमएस रोहतक में शव का पोस्टमार्टम हुआ था। मुलकराज के मुताबिक इस बारे में 2 अक्टूबर को सतीश के परिजनों से पूछा तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे। मुलकराज की शिकायत पर पुलिस स्टेशन में सतीश और उसके दो भाइयों प्रदीप व मंदीप के खिलाफ भादसं की धारा 302, 120बी, 201, 34 के तहत केस दर्ज कर लिया गया था। पुलिस टीम ने इन आरोपियों को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। करीब एक वर्ष बाद आरोपियों को जमानत मिल गई थी।



### आरोपियों को डिस्कलोजर स्टेटमेंट के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती

बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी चुघ ने बताया कि कोर्ट में केस की सुनवाई के दौरान आरोपियों को डिस्कलोजर स्टेटमेंट के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती। साथ ही इस मामले में कोई सीधे तौर पर सबूत भी नहीं मिला। पुलिस टीम ने जिस कुल्हाड़ी और डंडे से हत्या की बात कही थी, उन पर भी फिंगर प्रिंट व ब्लड रिपोर्ट मैच नहीं हुई। कॉल डिटेल और लोकेशन डिटेल से भी हत्या करना साबित नहीं हो पाया। यहीं नहीं मृतका अंतिम संस्कार भी बसाना गांव में ही हुआ और तीनों बच्चे बसाना गांव में सतीश के परिवार के पास ही रहे। इन्हीं सब तर्कों के आधार पर एडिशनल सेशन जज संदीप दुग्गल की कोर्ट ने आरोपी पति संदीप और देवर प्रदीप व मंदीप को बरी कर दिया।

### मंत्री ने की जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष की भूरि-भूरि प्रशंसा

# रोहतक में जोड़ी ने इतिहास रच दिया : कृष्णा बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी ने चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका व जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार का अभिनंदन किया और दोनों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने अपने व्यक्तव्य में कहा कि जिला अध्यक्ष व प्रभारी की जोड़ी ने रोहतक के इतिहास रचा है, रोहतक की जनता ने रामअवतार वाल्मीकि को मेयर बनाकर एक नई इबारत लिखी है।

कांग्रेस के अधोपतन के पश्चात भाजपा ने एक सबसे निकले तबके का मेयर बना करके सामाजिक समरसता के व सबका साथ-सबका विश्वास के मूल मंत्र को प्रतिरूप किया। उन्होंने कहा इन दोनों नेताओं ने अपनी नीतियों में बड़ा व कड़ा फेरबदल कर रोहतक में कमल खिलाने का काम किया है। पिछले लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी को रोहतक में सफलता नहीं मिल पा रही थी लेकिन इस जोड़ी ने अपनी हिम्मत नहीं हारी और ने सिरे से लोगों को संगठन के साथ खड़ा किया और एक नया इतिहास रचने में कामयाब हुए।

रामावतार वाल्मीकि के रूप में एक मेयर जो नगर निगम को प्राप्त हुआ है निश्चित ही वे अच्छा काम करेंगे और भविष्य में भारतीय जनता पार्टी का कमल विधानसभा में भी रोहतक से खिलेगा और संसद सदस्य भी भारतीय जनता पार्टी का बनेगा ऐसा विश्वास रखता हूं। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, एडवोकेट वजीर खोकर, जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक, संजय बलहारा, अंकुश बिड्डू, अंकित शर्मा, कमल ढींगरा आदि मौजूद रहे।



रोहतक। प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी का स्वागत करते जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल व एडवोकेट वजीर खोकर।

## राजकीय महिला कॉजेल लाखन माजरा में एनएसएस शिविर पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में एनएसएस सात दिवसीय शिविर के छठे दिन कैप्टन जगबीर सिंह मलिक ने सभी के दिल में राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत किया। साथ ही उन्होंने स्वयंसेविकाओ को आर्मी में भर्ती होने के लिए मोटिवेट करके उनका मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात डॉक्टर सत्य प्रकाश किरार ने अपने अनमोल वचनों से सभी को लाभदायक व प्रेरणादायक जानकारी दी। प्राचार्या इंदु सपरा, डॉ. मनीषा, डॉ. पूजा व अन्य अध्यापकगणों की उपस्थिति में पोस्टर मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, डांस, सिंगिंग आदि प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

# गवर्नमेंट कॉलेज में लगा मेला : 300 युवाओं को मिला रोजगार

- मेले में करीब 10 कंपनियों के अधिकारी साक्षात्कार लेने पहुंचे
- कम्प्यूटर ऑप्टेटर एकाउंटेंट आदि पदों के लिए इंटरव्यू लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मंडल रोजगार कार्यालय रोहतक द्वारा महम के राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मंडल रोजगार अधिकारी सोनम गोयल ने बताया कि इस मेले में करीब 10 कंपनियों के अधिकारी साक्षात्कार लेने पहुंचे। जिनमें पुखराज हेल्थ केयर, पीएफएनएल सिक्योरिटी, भारतीय जीवन बीमा निगम, एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी बैंक, यथार्थ यंत्र उद्योग रोहतक, आदिनाथ एसिन ऑटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड और नुमैक्स स्किल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड आदि में विभिन्न पदों पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए। जिन पदों पर इंटरव्यू लिए गए उनमें कम्प्यूटर ऑप्रेटर एकाउंटेंट, रिसेप्सनिस्ट और आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों जैसे मशीन ऑप्रेटर, बीमा सखी और प्राइवेट बैंकों के रिलेशनशिप मैनेजर आदि पद शामिल हैं।




महम। रोजगार मेले का शुभारंभ करते प्रिंसिपल रोहित कुमार व रोजगार अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र मलिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### प्राचार्य ने अधिकारियों व प्रतिनिधियों का जताया आभार

महम के सहायक रोजगार अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि मेले में 300 युवाओं को रोजगार दिया गया। मेले के आयोजन के लिए गवर्नमेंट कॉलेज महम के प्रिंसिपल रोहित कुमार ने रोजगार विभाग के अधिकारियों और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों का आभार जताया। इस मौके पर नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, भाजपा पिछड़ा वर्ग नेता धर्मबीर खत्री, प्रवीण खत्री व कई प्राध्यापक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### छात्रावास की छात्राओं को किया प्रेरित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज द्वारा वीरवार को कावेरी व गंगा कन्या छात्रावासों की छात्राओं के लिए मोटीवेशनल टॉक का आयोजन किया गया। स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की परियोजना निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम बारे जागरूक किया।

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि विजय नगर से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुनील निवासी ओल्ड हाउसिंग बोर्ड को गिरफ्तार किया गया है। युवक के पास से 9 बोतल, 8 अध्धे व 32 पव्वे शराब बरामद हुई।

## डीसी ने खरावड़, ईस्माइला व सुनारिया में फसल गिरदावरी की पड़ताल की

# पटवारी सुरेश कुमार की ड्यूटी में लापरवाही, डीसी ने चार्जशीट थमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कार्य में कोताही बरने पर पटवारी को चार्जशीट करने के निर्देश दिए हैं। डीसी बृहस्पतिवार को गांव खरावड़, ईस्माइला व सुनारिया में फसल गिरदावरी की पड़ताल कर रहे थे। गांव ईस्माइला-9बी में फसल गिरदावरी की पड़ताल के लिए जब उपायुक्त ने सजरा का अवलोकन किया तो उसमें पाया गया कि पटवारी ने सजरा बनाने के दौरान विभिन्न रास्तों को दर्शाने वाले क्षेत्र में कलर नहीं भरा हुआ था, जिसके कारण यह पता नहीं लग पा रहा था कि रास्ता कौनसा है। खड़गटा ने कहा कि सजरा ठीक से न बनाना घोर लापरवाही दर्शाता है। इस पर उन्होंने मौके पर ही जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा को निर्देश दिए कि ईस्माइला-9बी के पटवारी सुरेश कुमार को चार्जशीट कर दिया जाए। वहीं दूसरी उपायुक्त सजरा तैयार करने में बेहतरीन कार्य को लेकर तत्कालीन पटवारी जितेंद्र दांगी को प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश दिए। डीसी सुनारिया कलां में जब फसल गिरदावरी पड़ताल मौके पर कर रहे थे तो उन्होंने सजरा के माध्यम से पूरे क्षेत्र का मिलान किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन पटवारी ने पूरी तन्मयत के साथ सजरा तैयार किया है और एक-एक चीज स्पष्ट है। इसलिए ऐसे कर्मचारियों का हौसला बढ़ाना भी आवश्यक है।

### अवैध कब्जा हटवाने के दिए निर्देश

डीसी खरावड़ में फसल गिरदावरी पड़ताल के दौरान निर्देश दिए कि जिस भी क्षेत्र में अवैध कब्जा है, संबंधित लोगों को तुरंत प्रभाव से नोटिस जारी करके कब्जा हटाने की कार्रवाई आरंभ की जाए। पड़ताल के दौरान राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गिरदावरी खेती से जुड़ी एक अहम प्रक्रिया है, जो साल में दो बार रबी और खरीफ की फसल के दौरान की जाती है। उन्होंने कहा कि गिरदावरी का कार्य पटवारी द्वारा किया जाता है। इसमें फसल से संबंधित जानकारी को राजस्व विभाग में दर्ज किया जाता है, जैसे कितने रकबे में कितनी और कौन सी फसल की बुआई की गई है। पटवारी अपने एरिया के किसानों के पास जाकर जानकारी को इकट्ठा करके गिरदावरी रिपोर्ट को तैयार करता है। इस अवसर पर सांपला के एसडीएम उत्सव आनंद , सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच,जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, नायब तहसीलदार दीपक व सदर कानूनगो विजय राठी आदि मौजूद थे।



### व्यक्तित्व निखार में सहायक संगीत : विजय नड्डा

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे प्रांतीय आचार्य घोष वर्ग का समापन हो गया। प्रतिभागियों ने सामूहिक घोष वादन का प्रदर्शन किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में घोष वादन की कला को प्रोत्साहित करना और उनकी नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। कार्यक्रम संयोजक मनजीत मलिक ने बताया कि इसमें सीखी गई कला का प्रदर्शन आगामी मई मास में होने वाले प्रांतीय आचार्य सम्मेलन में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोष वादन न केवल संगीत की एक विधा है, बल्कि यह अनुशासन, एकता और समर्पण का प्रतीक भी है। ऐसे कार्यक्रम प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । वर्ग में आए चार प्रतिभागियों अमित, संगीत, सुमन तथा पूनम ने सभी के साथ अपने-अपने अनुभव सांझा किए। समापन के दौरान मुख्य वक्ता विजय नड्डा ( क्षेत्रीय संगठन मंत्री,उत्तर क्षेत्र) ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर न केवल प्रतिभागियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें नेतृत्व कौशल और संगठनात्मक क्षमता भी सिखाते हैं। उनहाने कहा कि संगीत व्यक्तित्व निखार में सहायक है। डॉ. वीरेंद्र मलिक ने कहा कि संगीत भी शिक्षा का एक अभिन्न अंग है, जो विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करके अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करता है। डॉ. कृष्णकांत (कुलसचिव महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास में संगीत का अहम योगदान होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक रामचरण सिंगला एवं डॉ. दिनेश मदान ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र देखने जाएंगे गवर्नमेंट कॉलेज महम के विद्यार्थी व प्राध्यापक

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम के 20 विद्यार्थियों और प्राध्यापक हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र की कार्यवाही देखने के लिए चंडीगढ़ जाएंगे। इस संबंध में हरियाणा विधानसभा सचिवालय की ओर से कॉलेज प्रिंसिपल के नाम एक पत्र भेजा गया है। विधानसभा सचिवालय के सुरक्षा एवं प्रहरी अधिकारी ने अनुमति जारी की है। जिसमें कहा गया है कि गवर्नमेंट कॉलेज महम के 20 विद्यार्थी और प्राध्यापक 27 मार्च को सुबह 10 बजे विधानसभा सचिवालय पहुंच जाएं। साथ ही कहा गया है कि 14 साल से कम उम्र के किसी छात्र या छात्रा को अनुमति नहीं है। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र देखने की अनुमति मिलने के बाद कॉलेज के छात्र छात्राओं और स्टाफ सदस्यों में खुशी का माहौल है।

## युवा संसद कार्यक्रम युवाओं के लिए एक बेहतरीन मौका: नरेन्द्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिलाभर से पहुंचे युवाओं ने मंच पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मंचों के माध्यम से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से एक लाख नेता तैयार करने के सपने को बल मिलता है। आज का युवा एक जिम्मेदार युवा है और वह बखूबी समाज में अपने रोल को समझता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे अवसरों को भुना कर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देते रहना है। क्योंकि देश किसी भी एक इंसान से नहीं चल सकता है। इसलिए आज के युवाओं के पास ऐसा मौका है जब वो अपनी बात देश की संसद तक पहुंचा सकते हैं।



**रोहतक।** कार्यक्रम में मुख्यअतिथि अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार का स्वागत करते प्राचार्य लोकेश बल्हारा।

### दूसरे दिन झज्जर के युवा अपने विचार रखेंगे

प्राचार्य लोकेश बल्हारा ने कहा कि महाविद्यालय का प्रांगण बच्चों के लिए ऐसे अवसर तैयार करने के लिए सदैव खुला रहता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत युवा संसद एक ऐसा मंच है, जहां से ऊर्जावान युवाओं के नए विचार हिंदुस्तान के विकसित होने की नई कहानी लिखेंगे। नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी आशीष सांगवान ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 मार्च को झज्जर जिला के युवा गरिमामय मंच के माध्यम से अपने विचार रखेंगे। मंच संचालन डॉ. विनीता कौशिक ने किया।

**ये रहे मौजूद:** निर्णायक मंडल की भूमिका में वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉ. अनिल खटकड़, सेवानिवृत्त प्राचार्य यशपाल, प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान व जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि डॉ. सतीश कुमार, रिटायर्ड सुबेदार मेजर जयशंकर शर्मा, कार्यालय सहायक प्रवीण कुमार, स्वयंसेवकों शिवम, रितु, सोनिया, अनीता, मंजू, अमन, योगेश, आशीष मलिक, अमन, कुलदीप, राकेश कंबोज आदि मौजूद रहे।

## पीजीआईडीएस में विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह समारोह मनाया



**रोहतक।** डेंटल अस्पताल में आने वाले रोगियों को मौखिक स्वास्थ्य रखने की शपथ दिलवाते प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज रोहतक में विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह समारोह मनाया गया। गुरुवार को प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ने सभी को मौखिक स्वास्थ्य रखने की शपथ दिलाई। डॉ संजय तिवारी ने बताया कि विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2025 का विषय है "एक खुश मुंह, एक खुश दिमाग है।"विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग ने डॉ. मंजूनाथ बीसी (वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रमुख), डॉ. आदर्श कुमार (प्रोफेसर), डॉ. विपुल यादव (एसोसिएट प्रोफेसर) और डॉ. भावना (एसोसिएट प्रोफेसर) के नेतृत्व में डेंटल छात्रों और डॉक्टरों के लिए एक प्रतिज्ञा गतिविधि और डेंटल अस्पताल में आने वाले रोगियों के लिए मौखिक स्वच्छता और स्वस्थ दंत चिकित्सा प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल डॉ. संजय तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिज्ञा के साथ हुई, जिन्होंने दैनिक मौखिक देखभाल दिनचर्या को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

## पठानिया स्कूल के विद्यार्थियों ने साइकिल यात्रा कर पर्यावरण स्वच्छता का दिया संदेश

- बच्चे साइकिलों पर सवार होकर तिलयार झील पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया स्कूल के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के 75 विद्यार्थियों ने पठानिया वर्ल्ड कैम्पस से चिड़ियाघर (तिलयार झील) तक साइकिल ट्रिप का लुत्फ उठाया व समाज को पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया। बच्चे वल्ड कैम्पस से बड़े उत्साह व जोश के साथ साइकिलों पर सवार होकर दिल्ली रोड स्थित तिलयार झील पहुंचे। वहां सभी बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ मिलकर तरह-तरह की गतिविधियां करते हुए खूब मस्ती की। इसके बाद बच्चे चिड़यि घर गए। इस साइकिल ट्रिप का आयोजन मनदीप, सुमित, इज़हार, सुरेश के दिश निर्देशन में हुआ। बच्चों ने स्कूल अध्यापकों कमल शर्मा, रजत बिंद्रा, परमजीत ओहल्याण, मोनिका राणा, रश्मि तुल्ली, रेनू राठी, अन्नु सांगवान द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों अनुसार साइकिल चलाई। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, कोर्डिनेटर रजनी गुलाटी व कोमल बुट्टन ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह से समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले 59 व्यक्ति काबू



**रोहतक।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले व हंगामा करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। अभियान शाम 7 बजे से लेकर रात 12 बजे तक चलाया गया। अभियान के तहत अलग-2 स्थानों पर पुलिस टीमों ने छापेमारी करते हुए कुल 59 व्यक्तियों को काबू किया गया है। सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने व हंगामा करने वाले स्थानों को चिन्हित किया गए है। छापेमारी के दौरान इन स्थानों से लोगों को सड़क किनारे, फुटपाथ पर या गाड़ी के अंदर बैठकर शराब का सेवन करते हुए या हंगामा करते हुए पाए गए।

**कार्यक्रम** मदवि में भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# विद्यार्थियों को पानी संरक्षित रखने की दी जानकारी

- प्रो . सीमा मेहरा ने विद्यार्थियों को विषय की महत्ता और गंभीरता से अवगत कराया
- सुमित गिल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) और द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के सहयोग से- वाटर एंबेसडर चैलेंज स्थाई भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पानी है अनमोल, समझो इसका मोल। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए पानी को संरक्षित रखने और इसकी आवश्यकता बारे बताया गया। निदेशक सीसीपीसी प्रो. दिव्या मल्हान ने पानी के महत्व और जीवन में इसके स्थायित्व बनाए रखने पर चर्चा की। प्रो. सीमा मेहरा ने स्वागत भाषण दिया और उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों को विषय की महत्ता और गंभीरता से अवगत कराया। टेरी के एसोसिएट फेलो कृति शर्मा, मार्केट रिसर्च एनालिस्ट आयुष राय तथा कंसल्टेंट मनीष मिश्रा ने वाटर एंबेसडर चैलेंज पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को टेरी के फाउंडेशन और उद्देश्य के बारे में बताया कि किस तरह से टेरी पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हर क्षेत्र में अपना सहयोग देता है। उन्होंने आजकल बढ़ रहे व्यर्थ पदार्थ और पानी के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया और साथ ही इसको कम करने के तरीके भी बताए कि कैसे सोलर पावर का प्रयोग करके ऊर्जा को पैदा किया जा सकता है और बचाया भी जा सकता है। विभाग के विद्यार्थियों ने भी समूह में इन मुद्दों पर अपने विचार रखे और अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी।

### युवाओं के लिए ऐसी गतिविधियां जरूरी: अंजु

कार्यशाला के समन्वय व संचालन में सहायक प्रोफेसर डॉ .अंजु पंवार ने भूमिका निभाई और बताया कि आज के समय में युवाओं के बीच इस तरह की गतिविधियां आयोजित करना बहुत जरूरी हो गया है, ताकि युवा खुद जागरूक हो और पूरे समाज में भी जागरूकता फैलाए। सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार ने अंत में आभार जताया। मंच का संचालन शोधार्थियों कुसुमलता और प्रियंका द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. जगबीर सिंह, डॉ. एकता नरवाल , डॉ. पूनम रेढ़ू, डॉ. मोनिका सांगवान और डॉ. नेहा फौगाट समेत शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### क्रेडिट कार्ड से 2,06,338 रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने क्रेडिट कार्ड से 206338 रुपये की हुई धोखाधड़ी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सेक्टर-1 निवासी सुरेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 22 अगस्त 2024 को सुरेंद्र ने अपने क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने के लिए चेक डिजिटल ऐप डाउनलोड की थी। डाउनलोड करने के बाद ऐप पर अपना रजिस्ट्रड मोबाइल नंबर अंकित किया तो सुरेंद्र की सारी डिटेल आ गई।



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- बिजली निगम के कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक

## बिजली कट

- सुबह 10 से 1 बजे तक : चिन्योट कालोनी, मिगलानी पार्क के पास का क्षेत्र, नियर शिव शंभू पार्क के पास का क्षेत्र, कैनाल कॉलोनी, नेताजी नगर में बाधित रहेगी
- सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक : 11 केवी कन्हैली, झज्जर रोड, शीतल नगर, झज्जर रोड बाईपास, आनंद नगर, आरटीओ ऑफिस, इंद्र नगर, रुपया चौक, दुर्गा बर्फ फैक्ट्री, जेएलएन कैनाल, कुछ एरिया एकता कॉलोनी में सप्लाई बाधित रहेगी।

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पहली किस्त की जारी

# जिले के 1502 लाभार्थियों के खातों में 6. 75 करोड़ पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- मुख्यमंत्री ने वीसी से कार्यक्रम में हिस्सा लिया
- कार्यक्रम में उपायुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे
- तीन किश्तों में मिलेंगे पैसे




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रदेश के लगभग 36 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में मकान निर्माण के लिए प्रथम किस्त के तौर पर लगभग 150 करोड़ रुपये वित्तीय सहायता के रूप में हस्तानंतरित किए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि इस योजना के तहत जिला के 1502 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में 6 करोड़ 75 लाख 90 हजार रुपये की धनराशि हस्तानंतरित हुई है।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियों कांफ्रेंस हॉल में कार्यक्रम के दौरान जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हर सर को छत उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है।

### 1.38 लाख की वित्तीय सहायता मिलेगी

धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन किस्तों में पात्र परिवारों को पक्का मकान निर्माण के लिए एक लाख 38 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। प्रथम किस्त के तौर पर 45 हजार रुपये, दूसरी किस्त के तौर पर 60 हजार रुपये तथा तीसरी किस्त के तौर पर लाभपात्रों को 33 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त योजना के लाभ पात्रों को 90 दिन की मनरेगा के तहत मजदूरी एवं शौचालय के लिए 12 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्य लाभपात्रों को भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

### अपने घर का सपना होगा पूरा : डीसी

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गरीब हितैषी नीतियों के फलस्वरूप गरीबों की हर आस पूरी हो रही है तथा उन्हें अपने सपनों का पक्का आवास मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है, जबकि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में पात्र परिवारों को प्लॉट उपलब्ध करवाए जाते है ताकि वे पक्के मकान का निर्माण कर सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लिए पंजीकरण जारी है। ज्यादा से ज्यादा पात्र परिवार इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण करवाएं।

## 25 को पंचकूला में होना है शपथ ग्रहण समारोह निगम चुनाव में चुने गए मेयर व 22 पार्षद

# बिना शपथ ग्रहण के ही फिल्ड में खूब पसीना बहा रहे निगम पार्षद

■ वार्डों की समस्याओं को लेकर गंभीर ■ लोगों के पास रात को भी पहुंच रहे ■ शहरवासियों को पसंद आ रहा पार्षदों का अंदाज

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

शहर की सरकार के मेयर एवं पार्षदों ने अभी तक शपथ ग्रहण नहीं की है। इसके बावजूद कई वार्डों पार्षद समस्याओं के समाधान के लिए मैदान में उतर चुके हैं। जो न केवल रोजाना लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं बल्कि अधिकारियों के साथ वार्डों का निरीक्षण कर कार्य करवा रहे हैं। सबसे ज्यादा समस्याएं सफाई, सीवर ब्लॉक, नाले ओवरफ्लो होने और गलियां टूटे होने की आ रही हैं। कई वार्डों में तो गलियों का निर्माण कार्य भी शुरू करवाया गया है। रात को भी पार्षद लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। शहर के लोगों को भी पार्षदों का यह अंदाज खूब पसंद आ रहा है। हाल ही में नगर निगम में मेयर और 22 वार्डों में पार्षद पद के लिए चुनाव हुए हैं। इनमें 14 भाजपा के पार्षद चुनाव जीते हैं जबकि 6 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीतकर आए हैं। इसके अलावा 2 कांग्रेस के पार्षद चुने गए हैं। मेयर और पार्षदों के शपथ ग्रहण के लिए पंचकूला में समारोह आयोजित किया जाना है। 25 मार्च को मेयर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह होना तय हुआ है।

### वार्ड 7 : रात में चला सफाई अभियान



वार्ड नम्बर 7 से पहली बार चुनावी मैदान में उतरे भाजपा के कपिल नागपाल ने कांग्रेस के संजय सैनी को रिकार्डतोड़ मतों से मात दी है। कपिल नागपाल चुनाव जीतने के अगले दिन से ही जनता के बीच में जा रहे हैं। वह अधिकारियों के साथ खुद मौके पर खड़े रहकर दिन भर समस्याओं को दूर करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड में रोजाना सुबह सफाई कार्य करवाया जा रहा है। इसके अलावा गोहाना रोड, सुखपुरा चौक, दयानंद मंठ के पास साईंदास कॉलोनी आदि एरिया में नालों एवं सीवरों की सफाई का कार्य करवाया गया है। पीने के पानी की समस्याएं दूर करवाई जा रही हैं। सीवरों की सफाई वे खुद मौके पर जाकर करवाए जा रहे हैं। रात को भी वे लोगों के साथ मिलकर समस्याएं दूर करवा रहे हैं। सुबह ही लोगों के फोन आने शुरू हो जाते हैं जिनकी समस्याओं का अधिकारियों से मिलकर निवारण करवाया जाता है। इस दौरान सम्बंधित विभागों के अधिकारी भी साथ रहते हैं।

### वार्ड 17 : अधिकारियों के साथ पहुंची पार्षद



■ डिंपल जैन बोलीं पेयजल व सफाई व्यवस्था को किया जाएगा चाक चौबंद

वार्ड 17 से चुनाव जीतने के बाद से ही पार्षद डिंपल जैन अधिकारियों के साथ मिलकर वार्ड का निरीक्षण कर रही हैं। इस दौरान प्राथमिकता के आधार पर सफाई करवाई जा रही है। इसके अलावा पीने के पानी की समस्याओं सहित सीवर ब्लॉक होने की शिकायतें ज्यादा आ रही हैं जिनका समाधान करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह ही लोगों की शिकायतें आनी शुरू हो जाती हैं जिनका समाधान करवाया जा रहा है। साथ ही एरिया में और विकास कार्य भी करवाए जा रहे हैं। जैन जति जी चौपाल का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### वार्ड 14 : पार्षद ने सुनीं लोगों की शिकायतें



चुनाव जीतने के बाद से ही पार्षद कंचन खुराना सुबह वार्ड निवासियों की समस्याएं सुन रही हैं। इसके बाद सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए कहा जाता है। शाम को फोन कर उनसे कार्य की स्टेट्स रिपोर्ट भी ली जाती है। मॉडल टाउन और सुभाष नगर में सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। जल्द ही टेंडर खुलने के बाद 41 लाख से सुभाष नगर में सड़क बनाई जाएगी। इसके अलावा 31 लाख की लागत से सड़क बनाई जाएगी। साथ ही झंग कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी सहित कई एरिया में सड़कों के कार्य करवाए जाने हैं। वार्ड के पार्कों में कार्य पूरा हो चुका है।

### सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



### महिला पार्षद ने खुद हटवाए पोस्टर और होर्डिंग्स

नगर निगम वार्डों से पोस्टर, होर्डिंग्स हटाने के लिए अभियान चला रहा है। ऐसे में एक महिला पार्षद ऐसी भी हैं जो खुद अपनी टीम के साथ एरिया में लगे होर्डिंग्स और बैनर हटवा रही हैं। इसके लिए अधिकारियों ने भी उनके कार्य की सराहना की है। वार्ड 8 से चुनाव जीतने वाली अंजू सैनी जीत के बाद से ही रोजाना लोगों से मिल कर समस्याओं का समाधान करवा रही हैं।

## 12वीं के विद्यार्थियों ने दी गणित की परीक्षा

■ उड़नदस्तों ने स्कूलों में की छापेमारी ■ 2089 ने दी परीक्षा, 27 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**रोहतक।** हरियाणा बोर्ड की 12वीं की गणित की परीक्षा वीरवार को शांतिपूर्वक हुई। परीक्षा के दौरान कोई भी यूएमसी नहीं बना। एसडीएम फ्लाइंग ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया जहां व्यवस्था दुरूस्थ पाई गई। वहीं परीक्षा के दौरान 27 छात्र अनुपस्थित रहे। जबकि कुल 2116 विद्यार्थियों ने परीक्षा देनी थी जिनमें से 2089 छात्र उपस्थित रहे। परीक्षा का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक था। वहीं वीरवार को एसडीएम फ्लाइंग की टीम ने जिले के चार स्कूलों का निरीक्षण किया। जहां व्यवस्था दुरूस्थ पाई गई। सीटीएम अंकित कुमार के नेतृत्व में टीम ने गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल डोभ, स्वामी दया मुनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलानौर, गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी, गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिलाना का निरीक्षण किया। इस टीम में विकास शर्मा, विकास ढलवाल और पूनम मौजूद रहे।

### पुलिस बल रहा तैनात

वीरवार को गणित की परीक्षा के दौरान सभी सेंटरों पर पुलिस बल तैनात रहा। विद्यार्थियों के आई कार्ड चैक करने के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में एंट्री दी गई। परीक्षा के समय से करीब एक घंटा पहले ही विद्यार्थी अपने अपने सेंटरों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी थे।

### परीक्षा के बाद विद्यार्थी बोले- आसान था पेपर

परीक्षा के बाद जब विद्यार्थी जब सेंटरों से बाहर आए तो उनके चेहरे खिले हुए थे। विद्यार्थियों का कहना था कि पेपर ज्यादा मुश्किल नहीं था। सभी प्रश्न पाठ्यक्रम में से ही आए थे। अब शुक्रवार यानी 21 मार्च को बारहवीं कक्षा का होम साइंस का पेपर है। वहीं दसवीं की परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 29 मार्च को समाप्त होंगी।

## खबर संक्षेप

### उपायुक्त ने नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न मामलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। जिलाधीश द्वारा जारी प्रथम आदेश के तहत जिला के भालौठ गांव में 22 मार्च को आयोजित होने वाले वार्षिक मेला उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत वाटर सर्विसिज डिविजन भालौठ के एसडीओ उदयभान सांगवान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। दूसरे आदेश के तहत जिला की तहसील सांपला के गांव इस्माइला 11-बी से अनाधिकृत कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सांपला के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

### 25 को सुंदरपुर में होगा प्रशासन का रात्रि ठहराव


**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च को शाम 5 बजे जिला के गांव सुंदरपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ग्रामवासियों की शिकायतें सुनेंगे तथा मौके पर गांव की सभी समस्याओं की जानकारी लेकर उनका समाधान करवाएंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## एमडीयू विधि विभाग के विद्यार्थियों ने किया हाईकोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय विधि विभाग के दल ने शैक्षणिक विजिट पर उच्च न्यायालय चंडीगढ़ का दौरा किया। विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र सिंह ढुल ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के इस दल को उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को न्यायिक प्रणाली और इसकी कार्यप्रणाली की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। डॉ. परविंदर, डॉ. ऋषभ यादव, डॉ. जयदेव, आयुषी गर्ग और खालिदा उस्मान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के दल ने न्यायाधीशों, वकीलों और अन्य न्यायालय अधिकारियों के साथ संवाद किया और विधि प्रक्रिया बारे व्यावहारिक ज्ञान एवं उनका अनुभव प्राप्त किया।




## महिला के साथ 95 हजार रुपये की साइबर ठगी, केस



महम। घरौठी गांव की एक महिला के साथ 95 हजार रुपए की ऑन लाइन ठगी हुई है। महिला ने इसकी शिकायत लाखन माजरा थाना में दी है। पुलिस को दी शिकायत में घरौठी गांव निवासी सुशीला देवी पत्नी सोमबीर ने बताया कि शाम को 7 बजकर 12 मिनट पर उससे 3000 रुपए की गलत ट्रांजेक्शन हो गई। उन्होंने गूगल पर बैंक ऑफ बड़ौदा कस्टमर स्पोर्ट नंबर लिया। उसके बाद उन्होंने उस मोबाइल नंबर पर बात की। सोचा कि ये बैंक कर्मचारी है। जो वो कहते गए और हम वो करते गए। बाद में हमारे फोन नंबर पर मैसेज आया कि मेरे खाते से 95 हजार रुपए कट गए हैं। ये रुपए मेरे एचडीएफसी बैंक एकाउंट से कटे हैं। बाद में पता चला कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# समाधान शिविर में नगराधीश ने लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के दिए निर्देश

■ लघु सचिवालय के विकास भवन में मौजूद रहे विभिन्न विभागों के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




**रोहतक।** बैठक में शिकायतें सुनते जिला प्रशासन के अधिकारी।

लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला विकास भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों की शिकायतें सुनी गई। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। शिविर में नगराधीश अंकित कुमार ने व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल शिकायतें सुनने के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय एवं नगर निगम कार्यालय में निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। अंकित कुमार ने कहा कि एक छत के नीचे सभी विभागों की हर शिकायत के निदान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत के निपटारे की कार्रवाई मौके पर शुरू कर रहे है। समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की प्रतिदिन समीक्षा भी की जाती है तथा लंबित शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजेश भारद्वाज, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय दलाल, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, पुलिस उपनिरीक्षक सुरेंद्र, सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका सिंह, ईटीओ रोशन लाल, काढा के एसडीओ दिनेश कुमार, खेल विभाग से हॉकी कोच सुमित्रा राठी, नगर निगम के टीआई अमन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश आदि उपस्थित रहे।

# ट्रांसफर ड्राइव को लेकर निदेशक से मिले शिक्षक



**रोहतक।** निदेशक को मांगपत्र सौंपते शिक्षक।

**रोहतक।** शिक्षा विभाग में आनलाइन तबादला प्रकिया को शुरू करवाने के लिए हरियाणा राजकीय अध्यापक कल्याण संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामबीर ककराना के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ जितेन्द्र कुमार से मिला।

वार्तालाप की जानकारी देते हुए रामबीर ककराना ने बताया कि उन्होंने निदेशक के सामने लगभग 80 हजार शिक्षकों की मांग है कि ट्रांसफर ड्राइव शुरू किया जाए। निदेशक के सामने अपनी मांग रखते हुए ककराना ने कहा कि सभी शिक्षकों के गृह जिले में सम्बंधित विषयों के पद रिक्त हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज भी शिक्षक दूर - दराज नौकरी कर रहें हैं। तबादला प्रकिया न चलने से शिक्षक वर्ग में रोष है। खासकर महिला शिक्षक वर्ग में बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। तबादला प्रकिया शुरू हो शिक्षकों की इस मांग को अनसुना किया जा रहा है। हर बार सरकार से झुठा आश्वासन मिल रहा है। जिसकी शिक्षक समाज निंदा करता है। इसलिए जेबीटी से प्रिंसिपल पद तक सभी वर्गों के ट्रांसफर किए जाए।